मध्यप्रदेश विधान सभा

संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

बुधवार, दिनांक 28 फरवरी, 2018 (फाल्गुन 9, शक संवत् 1939)

विधान सभा पूर्वाह्न 11:02 बजे समवेत हुई.

अध्यक्ष महोदय (डॉ. सीतासरन शर्मा) पीठासीन हुए.

1. वर्ष 2018-2019 के आय-व्ययक का उपस्थापन

श्री जयंत मलैया, वित्त मंत्री द्वारा राज्यपाल महोदय के निर्देशानुसार, वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक के उपस्थापन के साथ-साथ मध्यप्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम, 2005 के अंतर्गत यथा अपेक्षित राजकोषीय नीति का विवरण वर्ष 2018-19 प्रस्तुत किया.

2. अध्यक्षीय घोषणा

आय-व्ययक की मांगों पर कटौती प्रस्ताव एवं सामान्य चर्चा का समय नियत करने विषयक

वित्त मंत्री का बजट भाषण पूर्ण होने के पश्चात्, अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन में यह घोषणा की गई कि आय-व्ययक में सम्मिलित मांगों पर प्रस्तुत किये जाने वाले कटौती प्रस्तावों की सूचनाएं, निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 1 मार्च, 2018 को अपराह्न 4.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में दी जा सकती हैं तथा आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा के लिए शुक्रवार, दिनांक 9 मार्च एवं सोमवार, दिनांक 12 मार्च, 2018 का समय नियत किया गया है.

अपराह्न 12.31 बजे विधान सभा की कार्यवाही बुधवार, दिनांक 7 मार्च, 2018 (16 फाल्गुन, शक सम्वत् 1939) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

ए. पी. सिंह,
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा

भोपाल:
दिनांक: 28 फरवरी, 2018